# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बढ़ते पैट्रोल डीजल के दामों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**प्रदर्शन**

■ देशवासियों को आर्थिक राहत की जरूरत हैः जोशी

**संवाददाता**

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश जोशी ने कहा है कि देश व प्रदेश में लगातार बढते पैट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी के विरोध मे कांग्रेस आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह की अगुवानी में प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन प्रदेश भर में किया जायेगा।

कांग्रेस नेता महेश जोशी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 से पूरा देश पीड़ित है और महंगाई, पैट्रोल व डीजल के बढ़ते दाम की दोहरी मार झेल रहा है। उंन्होने कहा जहा देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहा है वहीं देशवासियों को आर्थिक राहत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लेकिन केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों व अविवेकपूर्ण निर्णयों की वजह से आम जन त्रस्त है।

उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में काफी गिरावट के बावजूद पिछले अट्ठारहवें दिनों से पेट्रोल डीजल के दामों में लगातार वृद्धि जारी है। आज डीजल के दाम पेट्रोल से ज्यादा हो गई । उन्होंने कहा कि आज देश भर में डीजल के दाम पैट्रोल से ज्यादा हो गए जिससे महंगाई में और बढ़ोत्तरी होगी ।

उन्होने कहा कि पैट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी चिन्ताजनक है और जिस पर नियंत्रण होना चाहिए जहा कोरोना की वजह से पूरे देश मे हा हा कार मचा हुआ है ऐसी विषम परिस्थितियों में देश की जनता पेट्रोल डीजल के दामो में हो रही वृद्धि से त्रस्त है । उन्होंने कहा कि लेकिन केंद्र सरकार असम्वेदनहींन बनी हुई है उसे जन हित से जुडिज्वलनशील मुद्दों से कोई सरोकार नही है। उन्होंने कहा कि इसी को लेकर कांग्रेस कांग्रेस कमेटी

## केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों व अविवेकपूर्ण निर्णयों की वजह से आम जन त्रस्त

### पैट्रोलियम पदार्थो में की गई बढ़ोत्तरी को वापस ले केन्द्र

देहरादून। पैट्रोलियम पदार्थों में बढ़ती महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कीमतों पर अंकुश लगाये जाने की मांग की है और कहा कि जल्द ही इस दिशा में ठोस पहल नहीं की गई तो इसके लिए आंदोलन किया जायेगा। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकुमार वालिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के माध्यम से पीएम को भेजे गये ज्ञापन में कहा गया कि पिछले 17 दिनों में ही केन्द्र द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि की गई है।

के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह की अगुआई में आज अस्थाई राजधानी में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन करेगी और इस अवसर पर मानव श्रंखला भी बनायी जायेगी।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने और इन पर लगाई गई एक्साइज ड्यूटी माफ करने की मांग की है। उनका कहना है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने से गरीब जनता को जीवनयापन करने में काफी कठिनाई आ रही है

एक बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश ने कहा कि सरकार पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार वृद्धि कर रही है। बीते 16 दिनों में टैक्स काफी बढ़ाया गया है। यह स्थिति तब है जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में काफी कमी आई है। कोरोना संक्रमण के कारण उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट के समय पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से आवागमन और ट्रांसपोर्टेशन काफी महंगा हो गया है।

## न्यूज डायरी

### पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही से हुई पशु की मौत

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम वार्ड 92 श्यामपर प्रेमनगर महेंद्र चौक के समीप एक अनबोल लावारिस पशु की पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के कारण मौत हो गई बड़े दुख की बात है राज्य में देहरादून जिले में बीजेपी सरकार के कार्य काल मे नगर निगम व पशु चिकित्सा विभाग को सूचना करने के बाद भी कोई नही आया। बताया गया कि जिस कारण कई बार डॉक्टर व सुपरवाइजर को बोलने के बाद भी विभाग ने कोई सुध नही ली जिस कारण इस लावारिस बीमार पड़े पशु ने दम तोड़ दिया क्या हो हमारे इस आस्था वाले देश में बीजेपी की सरकार होते हुए भी पशु विभाग बिल्कुल लापरवाह है और जिस कारण न जाने रोज कितने पशुओं को अपनी जा से हाथ धोना पड़ता है। अब तो सरकार और पशु विभाग को जागना ही होगा और कोई मदद को आगे नही आते है जो चिंता का विषय है।

### सफूरा जरगर को जमानत मिलने पर जताई खुशी

**संवाददाता** देहरादून। पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का धरना 42 वें दिन जारी रहा और, आज के दिन फोरम के सदस्यों ने दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आकर सफूरा जरगर को मिली जमानत पर हर्ष जताया। इस अवसर पर बारिश के बीच धरने पर रहे।

इस अवसर पर फोरम के सदस्यों ने कहा कि सफूरा जरगर को मिली जमानत से केंद्र सरकार ने अपने ऊपर उठ रहे सवालों की उंगलियों को कम करने का काम किया है, जिस प्रकार कपिल बैसला जिसने शाहीन बाग में गोली चलाई उसकी गिरफ्तारी तक नही हुई, दूसरा जेएनयू में जिन लोगो छात्रों पर हमला किया था, आज तक पता नही है, पूर्व आप पार्टी के नेता व वर्तमान में भाजपा के नेता कपिल मिश्रा के भड़काऊ बयान पर मुकदमा ना होना तथा डीएसपी देविंदर सिंह के मामले में केंद्र की जांच एजेंसी एनआईए की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है।

### आईटेल ने लांच किया 'आईटेल स्मार्ट गैजेट्स'

**संवाददाता** देहरादून। ऐंट्री लैवल स्मार्टफोन और फीचर फोन सैगमेंट में अपनी अग्रणी स्थिति स्थापित करने के बाद आईटेल मोबाइल ब्रांड ने ऐक्सैसरीज सैगमेंट में कदम रखा है। अपने उपभोक्ताओं को उम्दा मोबाइल अनुभव प्रदान करने के लिए ब्रांड ने 'आईटेल स्मार्ट गैजेट्स' लांच करने की घोषणा की है। आईटेल स्मार्ट गैजेट्स का निर्माण 'मेक ऐवरी मूमेंट मैजिकल' की ब्रांड पोजिशनिंग पर किया गया है। ब्रांड का उद्देश्य है अपने ग्राहकों की रोजाना की जिंदगी को बिना किसी रुकावट के पूर्ण बनाया जाए। इस हेतु ब्रांड ने किफायती दामों पर ट्रैंडी और क्वालिटी टेक्नोलॉजी प्रदान की है।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षायें

**संवाददाता** डोईवाला। उतराखण्ड बोर्ड की परीक्षा बुधवार को भी विकास खंड के सभी परीक्षा केन्द्रो पर शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। परीक्षा केन्द्रों पर छात्र छात्राओं के साथ कक्ष निरीक्षकों की थर्मल जाँच एवं उनके हाथो को सेनेटाईजर करके ही परीक्षा कक्षो में भेजा गया।



राजकीय इंटर कालेज बुल्लावाला में प्रातः नौ बजे से दोपहर 12 बजे की पाली में गणित का प्रश्न पत्र छात्र छात्राओं ने हल किया गया। इस अवसर पर परीक्षा की तैयारी के लिए लम्बा समय मिल जाने के कारण परीक्षार्थियों को पेपर हल करने मे ज्यादा दिक्कत नहीं आई। गणित के प्रश्न पत्र के साथ ही हाईस्कूल के सभी पेपरो की परीक्षा संपन्न हो गई।

वही दूसरी पाली मे इंटर संस्कृत की परीक्षा हुई और परीक्षा शुरू होने से पूर्व केन्द्र में डयूटी के लिए पहुंचे सभी अध्यापको एवं छात्र–छात्राओं की थर्मल जाँच की गई, तथा पूरे विघालय को सेनेटाईजर किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य शरद शर्मा ने बताया कि हमारे केन्द्र पर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की सभी परीक्षाए संपन्न हो गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के सभी दिशा निर्देशों का पालन परीक्षा के दौरान किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को संपन्न कराने में सामाजिक कार्यकर्ता रणजोध सिंह, पीटीए अध्यक्ष अशोक कुमार, परीक्षा प्रभारी रामकुमार वर्मा, कृष्णा कुमारी, अश्विनी गुप्ता, रतनेश द्विवेदी, हरीश गैरोला, प्रभुलाल थपलियाल ,जोत सिंह बुटोला आदि का सहयोग रहा ।



### शहीद स्मारक की साफ सफाई कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सौरभ थपलियाल के नेतृत्व में शहीद सैनिक नरपाल सिंह राजकीय इंटर कॉलेज थानों के प्रवेश द्वार के पास शहीद स्मारक की साफ–सफाई की एवं सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर रविंद्र रावत, आशीष डबराल, रस्टी सिहं, हिमांशु राणा, शिवम बहुगुणा अजीत नेगी, विनोद खंडुरी, ललित जोशी, शिवम बहुगुणा, आनंद कश्यप आदि मौजूद रहे।

# खनन चुगान नियमावली के विपरित हो रहा हैः मर्तोलिया

**जगत मर्तोलिया**

■बलुवाकोट को बचाने के लिए अभियान शुरू

पिथौरागढ़। बलुवाकोट में नदी चुगान के लिए प्रस्तावित स्थानो पर हो रहे खनन का मामला मंडल आयुक्त के पास पहुंच गया है। जिप सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि खनन चुगान नियमावली के विपरित हो रहा है। स्थल चयन में गलत रिर्पोट को आधार बनाया गया है। प्रशासन नहीं माना तो बलुवाकोट कूच का फैसला लेना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। बलुवाकोट को बचाने के लिए अभियान आज से शुरु कर दिया गया है।

बलुवाकोट में नदी चुगान के नाम पर हो रहे खनन को लेकर क्षेत्रवासी भारी विरोध में है। जिप सदस्य मर्तोलिया ने बुधवार को मंडल आयुक्त, जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी धारचूला को पत्र भेजा। जिप सदस्य मर्तोलिया ने कहा कि 2013 की विनाशकारी आपदा के बाद नदियो में आबादी क्षेत्र के विपरित नदी में बजरी, रेता,पत्थर का ढ़ेर जमा हो रहा है, जिससे नदी के पानी का बहाव आबादी क्षेत्र को हो रहा है तो आबादी क्षेत्र को बचाने के लिए नदी चुगान का कार्य किया जाता है। बलुवाकोट में ठीक इसका उल्टा हो रहा है। आबादी क्षेत्र की तरफ खनन कर लोगो के घरो को काली नदी में समाने के लिए तैयारी की जा रही है।

नदी चुगान के लिए प्रस्ताव तैयार करने वाले भू वैज्ञानिक, खनन,राजस्व व सिचांई विभाग के अफसरों की भूमिक को लेकर गरमा गरम बहस हो रही है। जिप सदस्य मर्तोलिया ने कहा कि नदी चुगान के खनन से गांव/आबादी क्षेत्र सुरक्षित रहते है, लेकिन यहां सत्ता की इतनी दादागिरी है,कि खनन से गांव व उसकी आबादी को खतरा हो रहा है. कहा कि खनन को रोकने के लिए महिलाए जा रही है तो उन्हे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। मर्तोलिया ने कहा कि भारत की तरफ हो रहे इस खनन से नेपाल का नदी क्षेत्र बढ़ेगा व भारत का घटेगा।

### कोरोना के लिए निःशुल्क देखभाल हेतु टेली–हेल्थ नेटवर्क स्वस्थ शुरू किया गया

**संवाददाता** रूद्रपुर। सौ से अधिक हेल्थ केयर स्पेशलिस्ट्स ने कोरोना के उपचार के लिए साथ मिलकर स्वस्थ नामक एक राष्ट्रव्यापी टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। इस प्लेटफॉर्म के जरिए भारत के लोग सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों व वेलनेस प्रोवाइडर्स से संपर्क कर सकेंगे। स्वस्थ वर्तमान चुनौतीपूर्ण समय में टेलीमेडिसिन को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में उपयोग करने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये आह्वान पर देश के हेल्थ एवं टेक्नोलॉजी लीडर्स द्वारा शुरू की गई एक अनूठी पहल है। मोबाइल एप्प–आधारित इस सेवा हेतु भारत की तकनीकी दक्षता का उपयोग कर भारत के विभिन्न क्षेत्रों व आय–वर्गों के 1.3 बिलियन लोगों को एक समान रूप से किफायती स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जायेगी। इस स्वदेशी डिजिटल हेल्थ केयर सिस्टम को ऐसे समय में लॉन्च किया जा रहा है जब परंपरागत सेवा प्रदाताओं के लिए कोविड–19 महामारी एक चुनौती बनी हुई है।